आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 338 | उज्जैन, बुधवार 29 अक्टूबर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए 78 करोड़ 94 लाख रुपये का अनुमोदन

## भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन की स्वीकृति




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत प्रदेश में PVTG समूहों यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनियों की अतिरिक्त कार्ययोजना द्वितीय चरण का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

स्वीकृति अनुसार प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (PM-JANMAN) के अंतर्गत अतिरिक्त 18 हजार 338 अविद्युतीकृत PVTG घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत अधोसंरचना विस्तार के लिए लगभग 78 करोड़ 94 लाख रुपये की द्वितीय चरण की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस के लिए 60 प्रतिशत राशि 47 करोड़ 36 लाख रूपये केन्द्र शासन से अनुदान प्राप्त होगा व शेष 40 प्रतिशत राशि 31 करोड़ 58 लाख रुपये राज्य शासन द्वारा वितरण कंपनियों को अंशपूंजी के रूप में उपलब्ध कराई जायेगी।

पीएम जनमन अन्तर्गत प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के अविद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण के लिये बसाहट वार पूर्व स्वीकृत सीमा एक लाख रूपये प्रति हाउसहोल्ड को बढ़ाकर 2 लाख रुपये प्रति हाउसहोल्ड किये जाने की स्वीकृति दी गई। विद्युत कंपनियों द्वारा 2 लाख रूपये प्रति हाउसहोल्ड तक आकलित लागत से विद्युतीकरण किया जायेगा। लागत अधिक होने की स्थिति में ऊर्जा विकास निगम द्वारा एक किलोवाट क्षमता का आफ ग्रिड सोलर पैनल और बैटरी लगाकर विद्युतीकरण किया जायेगा।

# उत्तर प्रदेश, बंगाल समेत देश के 12 राज्यों में आज से शुरू होगा एसआइआर, 7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) का काम पूरा होने के बाद चुनाव आयोग ने सोमवार को उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआइआर के दूसरे चरण की घोषणा की। यहां एसआइआर का काम मंगलवार यानी आज 28 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा और सात फरवरी तक चलेगा।

इस चरण में असम को छोड़कर वे चार राज्य भी शामिल हैं, जहां अगले साल यानी 2026 की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में चल रही नागरिकता की जांच के चलते आयोग ने यहां बाद में एसआइआर कराने का फैसला लिया है। वैसे यह जांच लगभग अंतिम चरण में है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान किया। इस मौके पर दोनों चुनाव आयुक्त डॉ. एसएस संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बिहार में सफलतापूर्वक कराए गए एसआइआर और उसके अनुभवों के आधार पर दूसरे चरण के एसआइआर में कुछ गणना फार्म समेत दस्तावेज आदि की जांच के तरीके में थोड़ा बदलाव किया गया है। इससे मतदाताओं को और ज्यादा सहूलियत मिलेगी।

# अगर पति दे रहा धोखा तो क्या उसकी प्रेमिका पर किया जा सकता है मुकदमा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले महीने व्यभिचार यानी एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर से जुड़े एक मामले पर कुछ ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे देश में वैवाहिक विवादों के कानून को लेकर बहस छिड़ गई है। दिल?ली हाईकोर्ट के जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा था, अगर किसी तीसरे व्यक्ति के कारण शादी टूटती है, या पत्नी को उसके अधिकारों से वंचित रखा जाता है तो पत्नी उससे सिविल कोर्ट में हर्जाना मांग सकती है।

न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने यह टिप्पणी पिछले महीने एक महिला की उस याचिका पर की थी, जिसने अपने पति का किसी अन?य महिला के साथ संबंध होने का आरोप लगाते हुए उसकी प्रेमिका से 4 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की। इसके बाद से देश भर में बहस छिड़ गई है कि एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर से जुड़े मामलों में क्या पीड़ित महिला अपने पति के प्रेमी से या कोई पुरुष अपनी पत्नी के प्रेमी से हर्जाना मांग सकता है?

# पत्नी को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर करना क्रुरता, तलाक को लेकर केरल HC का अहम फैसला




नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल हाईकोर्ट ने एक महिला को तलाक की अनुमति दे दी जिसका पति उसपर शक करता था और उसे नर्स की नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर करता था। इस मामले में जस्टिस देवन रामचंद्रन और जस्टिस एमबी स्नेहलता की खंडपीठ ने कहा कि पति का इस तरह का व्यवहार तलाक अधिनियम, 1869 की धारा 10(1)(×) के तहत गंभीर मानसिक क्रूरता के सामान है, जो पति या पत्नी को तलाक की अनुमति देता है।

कोर्ट ने कहा कि जीवनसाथी के पर शक और निगरानी शादी की नींव को खोखला कर सकती है, जो विश्वास, सम्मान और भावनात्मक सुरक्षा पर टिकी होती है। एक शक्की पति वैवाहिक जीवन को नर्क बना सकता है। लगातार पत्नी पर शक और अविश्वास प्रेम, विश्वास और समझ पर टिकी शादी की नींव को ही जहरीला कर देता है। एक शक्की पति, जो आदतन पत्नी की वफादारी पर शक करता है, उसके आत्म-सम्मान और मानसिक शांति को खत्म कर देता है। आपसी विश्वास ही विवाह की आत्मा है, जब इसकी जगह शक आ जाता है, तो रिश्ता अपना सारा अर्थ खो देता है। जब एक पति बिना किसी वजह के अपनी पत्नी पर शक करता है, उसकी गतिविधियों पर नजर रखता है, उसकी ईमानदारी पर सवाल उठाता है और उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता में दखल देता है, तो इससे पत्नी को मानसिक नुकसान का सामना करना पड़ता है।

# आईआईटी कानपुर ने संभाला दिल्ली में कृत्रिम बारिश का जिम्मा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर मौसम अनुकूल रहा तो दिल्ली सरकार मंगलवार को कृत्रिम वर्षा का पहला परीक्षण कर सकती है। वैसे कोशिश सोमवार को भी की गई थी लेकिन कानपुर में वर्षा होने व दृश्यता भी बहुत अनुकूल नहीं होने के कारण आइआइटी कानपुर का विमान और टीम दिल्ली नहीं पहुंचे। परीक्षण की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए मंगलवार को एक समीक्षा बैठक भी रखी गई है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, सेना एयरक्राफ्ट की उड़ान मंगलवार को कानपुर से दिल्ली पहुंचेगी। अगर मौसम अनुकूल रहा, तो हम कृत्रिम वर्षा का परीक्षण कर सकते हैं। सब कुछ मौसम पर निर्भर करता है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश का सहारा-राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के उद्देश्य से किया जाने वाला यह परीक्षण, सर्दियों के महीनों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को कम करने की सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। आइआइटी कानपुर दिल्ली में कृत्रिम वर्षा का जिम्मा संभाला

उल्लेखनीय है कि आइआइटी कानपुर दिल्ली में कृत्रिम वर्षा का जिम्मा संभाल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में बहुप्रतीक्षित कृत्रिम वर्षा के ट्रायल की तैयारियां अब पूरी हो गई हैं। पिछले सप्ताह ही बुराड़ी के ऊपर एक परीक्षण उड़ान भी भरी गई थी। परीक्षण के दौरान, कृत्रिम वर्षा कराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड यौगिकों की थोड़ी मात्रा विमान से छोड़ी गई थी।

# 6 नवंबर को नौसेना में शामिल होगा स्वदेशी सर्वे पोत इक्षक, समंदर में बढ़ेगी भारत की ताकत



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित सर्वे पोत इक्षक को यहां नौसेना अड्डे पर छह नवंबर को सैन्य बेड़े में शामिल किया जाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में सर्वे पोतों (बड़ी श्रेणी) के इस तीसरे पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। इक्षक का अर्थ मार्गदर्शक है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आधिकारिक बयान के अनुसार, यह पोत भारत की जल सर्वे उत्कृष्टता और स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# भारत ने निकाला टैरिफ का तोड़? अमेरिका से कच्चा तेल खरीदकर तोड़ा रिकॉर्ड; अब तो खुश होंगे ट्रंप




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत का अमेरिका से कच्चे तेल का आयात अक्टूबर महीने में 2022 के बाद के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। इसे रूसी तेल पर निर्भरता कम करने और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापारिक तनाव घटाने की दिशा में उठाए गए कदम के रूप में देखा जा रहा है। ऊर्जा परामर्श कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, 27 अक्टूबर तक भारत ने अमेरिका से प्रतिदिन 5.40 लाख बैरल कच्चा तेल आयात किया जो 2022 के बाद का सर्वाधिक स्तर है।

इस महीने के अंत तक यह आंकड़ा 5.75 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच जाने का अनुमान है, जबकि नवंबर के लिए बुकिंग 4-4.5 लाख बैरल प्रतिदिन के स्तर पर रहने की संभावना है। यह इस साल अब तक के औसत तीन लाख बैरल प्रतिदिन की तुलना में काफी अधिक है। केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग, आपूर्ति एवं मॉडलिंग) सुमित रितोलिया ने कहा कि अमेरिकी तेल आयात में यह वृद्धि मुख्य रूप से आर्थिक कारणों से प्रेरित रही।

दरअसल, ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल के दामों में अंतर बढ़ने, अमेरिकी तेल के प्रतिस्पर्धी मूल्य और चीन की घटती मांग के चलते भारतीय रिफाइनरियों को अमेरिका से तेल खरीदना लाभकारी लगा। हालांकि, रूस अब भी भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है और कुल भारतीय आयात में करीब एक-तिहाई हिस्सेदारी रूस की ही है। इराक इस मामले में दूसरे स्थान पर है जबकि सऊदी अरब तीसरा प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।

सरकारी और तेल उद्योग से जुड़े सूत्रों ने कहा कि भारतीय तेल रिफाइनरियों ने हाल के महीनों में अमेरिकी मिडलैंड डब्ल्यूटीआई और मार्स ग्रेड के कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई है। इसका उद्देश्य आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाना और अमेरिका के साथ सहयोग का संकेत देना है। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है जब रूसी तेल कंपनियों रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंध सख्त हो गए हैं। भारत की भी तेल रिफाइनरी इन कंपनियों से तेल खरीदती रही हैं।

बहरहाल, अमेरिकी तेल आयात में बढ़ोतरी को भारत द्वारा हाल में अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव कम करने की रणनीति से जोड़ा जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने अगस्त में भारत से आयातित वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का शुल्क लगा दिया था।

# ट्रंप ने 2020 के चुनाव को बताया इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में कथित चुनावी धांधली की न्याय विभाग (डीओजे) से जांच कराने की मांग की और इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया। ट्रंप ने डाक द्वारा या अर्ली वोटिंग को रोकने का भी आह्वान किया और चुनाव में धांधली रोकने के संभावित प्रयासों के रूप में वोट डालने के लिए मतदाता पहचान पत्र की वकालत की।

उन्होंने कैलिफोर्निया के प्रस्ताव 50 की भी आलोचना की, जो कांग्रेस के जिलों का पुनर्निर्धारण करेगा।ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 2020 का राष्ट्रपति चुनाव एक बड़ा घोटाला था। देखिए, जब एक कुटिल मूर्ख हमारा राष्ट्रपति बन गया, तो देश का क्या हुआ। अब हम सब कुछ जानते हैं। उम्मीद है कि न्याय विभाग इस मामले को अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े घोटाले के अनुरूप जोश से आगे बढ़ाएगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो यह फिर से होगा, जिसमें आगामी मध्यावधि चुनाव भी शामिल हैं।

ओबामा ने भी किया बैलेट वोटिंग का समर्थन- उन्होंने इसकी तुलना एनबीए जुआ घोटाले से की। उन्होंने आरोप लगाया कि कैलिफोर्निया के प्रस्ताव 50 के लिए मतदान पूरी तरह से बेईमानी है। लाखों मतपत्र राज्य में भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा होशियार हो जाओ रिपब्लिकन इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

कैलिफोर्निया में प्रस्ताव संख्या 50, डेमोक्रेट्स को एक स्वतंत्र आयोग द्वारा तैयार किए गए नक्शों को नए नक्शों से बदलने की अनुमति देगा, जिनका उपयोग आगामी मध्यावधि चुनावों में किया जाएगा और राज्य में कांग्रेस के जिलों का पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

इससे रिपब्लिकन के कब्जे वाली अमेरिकी सदन की पांच सीटें संभावित रूप से पलट सकती हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी चार नवंबर को होने वाले बैलट इनिशिएटिव वोटिंग का समर्थन किया है, जबकि प्रारंभिक मतदान पहले ही शुरू हो चुका है। न्याय विभाग मतदान के दिन कैलिफोर्निया के कई काउंटियों में चुनाव पर्यवेक्षक भेजेगा। विभाग का कहना है कि वे पारदर्शिता, मतपत्र सुरक्षा और संघीय कानून का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

# पहले मारा चांटा और फिर सिर पर फोर्क से वार... फ्लाइट में भारतीय युवक ने काटा बवाल, बोस्टन में इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका से जरमनी जा रही लुफ्थांसा एयरलाइस की एक फ्लाइट में बड़ा हंगामा हुआ। 28 वर्षीय भारतीय नागरिक प्रनीत कुमार उसिलिपल्ली ने उड़ान के दौरान दो किशोर यात्रियों पर फोर्क से हमला कर दिया और एक क्रू सदस्य को थप्पड़ मारने की भी कोशिश की।




यह घटना शनिवार को शिकागो से फ्रैंकफर्ट जा रही फ्लाइट में हुई। हमले के कारण विमान को बीच रास्ते आपात स्थिति में बोस्टन के लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। उस समय अमेरिका में सरकारी शटडाउन के चलते पहले से ही कई उड़ानें बाधित थीं।

सिर में पीछे से घोंपा फोर्क- रिपोर्ट के अनुसार, प्रनीत ने 17 वर्षीय दो लड़कों पर हमला किया। पहला लड़का मील सर्विस के बाद अपनी सीट पर सो रहा था, जब उसने आंखें खोलीं तो देखा कि आरोपी उसके ऊपर खड़ा है। तभी उसने फोर्क से लड़के के कंधे पर हमला किया। इसके बाद आरोपी ने पास बैठे दूसरे लड़के पर पीछे से सिर में फोर्क घोंप दिया।

फ्लाइट क्रू के जब बीच-बचाव को कोशिश की तो आरोपी ने अपनी उंगली से पिस्तौल का इशारा करते हुए से अपने मुंह में डालकर ट्रिगर दबाने का नाटक किया। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

महिला यात्री को मारा थप्पड़- हंगामे के दौरान प्रनीत ने एक महिला यात्री को थप्पड़ मारा और एक क्रू सदस्य पर भी हाथ उठाने की कोशिश की। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी पहले अमेरिका में छात्र वीजा पर था और बाइबल स्टडीज में मास्टर्स कर रहा था।

## 30 मिनट के भीतर अमेरिकी नौसेना का हेलिकाप्टर और लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। विमानवाहक पोत यूएसएस निमित्ज से उड़ान भरने वाले लड़ाकू जेट और हेलीकाप्टर 30 मिनट के अंतराल पर दक्षिण चीन सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। नौसेना के प्रशांत बेड़े ने कहा कि एमएच-60आर सी हाक हेलीकाप्टर के तीन चालक दल के सदस्यों को रविवार दोपहर बचा लिया गया और एफ/ए-18एफ सुपर हार्नेट लड़ाकू जेट में सवार दो पायलट विमान से बाहर निकल गए और उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया।

पांचों सुरक्षित और स्थिर हालत में हैं। दोनों दुर्घटनाओं के कारणों की जांच की जा रही है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को टोक्यो जाते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ये घटनाएं खराब ईंधन के कारण हो सकती हैं। उन्होंने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इन्कार किया और कहा कि छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। मार गिराया था जेट

यमन के हाउती विद्रोहियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर किए गए हमलों के जवाब में अमेरिका की प्रतिक्रिया स्वरूप गर्मियों के अधिकांश समय पश्चिम एशिया में तैनात रहने के बाद यूएसएस निमित्ज वाशिंगटन के किट्सैप स्थित अपने गृह बंदरगाह पर लौट रहा है।

## ढाका में दो विश्वविद्यालयों के छात्रों के बीच हिंसक झड़प, 50 घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में एक छात्र के थूकने और दूसरे को पड़ जाने का विवाद इतना बढ़ गया कि देसी बम तक चल गए। सोमवार तड़के ढाका के अशुलिया इलाके में डैफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और सिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान 50 छात्र घायल हो गए।

तोड़फोड़ और आगजनी से भारी नुकसान हुआ है, जिसका सबसे अधिक असर सिटी यूनिवर्सिटी पर पड़ा है। छात्रों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर अशांति के दौरान सहायता प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया।बांग्लादेशी दैनिक ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, रविवार शाम को तनाव तब शुरू हुआ, जब सिटी यूनिवर्सिटी का एक छात्र मोटरसाइकिल से जा रहा था और उसने थूका।

किस बात पर हुई बहस- यह गलती से एक छात्र को पड़ गया, जो डैफोडिल विश्वविद्यालय का था। इसके बाद वहां मौजूद दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों के बीच बहस छिड़ गई। हथियारों और ईंटों से लैस 40-50 सिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने डैफोडिल विश्वविद्यालय के छात्रों के आवास पर हमला बोला और तोड़फोड़ की।

## रूस के परमाणु चालित मिसाइल टेस्ट पर ट्रंप की तल्ख टिप्पणी, क्रेमलिन ने किया पलटवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। हफ्ते भर पहले फोन पर रूसी राष्ट्रपति से दो घंटे बात करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तल्ख अंदाज में कहा है कि पुतिन को मिसाइल टेस्ट न करके यूक्रेन में युद्ध रोकना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि परमाणु हथियारों से लैस अमेरिकी पनडुब्बी रूस के समुद्री तट के नजदीक है। उसे कुछ हफ्ते पहले ही वहां तैनात किया गया था।

रूस की टेस्ट की गई नई मिसाइल पर प्रतिक्रिया में ट्रंप ने कहा, नाटो ने इसे स्काइफाल मिसाइल नाम दिया है। ट्रंप ने कहा, वे (रूसी) जानते हैं कि परमाणु शक्ति चालित परमाणु हथियारों से लैस अमेरिकी पनडुब्बी उनके तट के नजदीक है। वह दुनिया का सबसे घातक हथियार है। हमें 14 हजार किलोमीटर दूर से हमले की जरूरत नहीं होगी। ट्रंप ने कहा, उन्हें लगता है कि पुतिन का इस समय मिसाइल का परीक्षण और उससे हमले की बातें करना उचित नहीं है। यह समय यूक्रेन युद्ध को रोकने पर विचार करने का है जिसे चलते हुए लगभग चार वर्ष हो गए हैं। विमान में यात्रा के दौरान संवाददाताओं से ट्रंप की बातचीत का यह आडियो व्हाइट हाउस ने जारी किया है।

ट्रंप की प्रतिक्रिया के जवाब में रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने कहा है कि रूस अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को देखते हुए कार्य करता है। इस मिसाइल परीक्षण से अमेरिका के साथ संबंधों में तनाव बढ़ने का कोई कारण नहीं है। सभी मुद्दों पर अमेरिका के साथ वार्ता के हमारे रास्ते खुले हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति राष्ट्रीय हितों के अनुसार वार्ता पर निर्णय लेंगे। रविवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया था कि उनके देश ने अद्भुत मिसाइल का परीक्षण किया है। सोमवार को उस मिसाइल का नाम और विवरण सार्वजनिक हुए हैं।

## चापलूसी में आपको ही मिलेगा गोल्ड मेडल, पूर्व पाक राजदूत ने शहबाज शरीफ को सुनाया; थरूर ने भी लिए मजे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व पाकिस्तानी राजदूत हुसैन हक्कानी ने सोमवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर करारा तंज कसा। इसकी वजह थी शरीफ का अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की एक बार फिर खुलकर तारीफ करना।



शरीफ ने ट्रंप को वैश्विक शांति का नायक बताते हुए उनकी भूमिका की सराहना की। इसपर हक्कानी ने चापलूसी करने का आरोप लगाते हुए तंज किया है।

आखिर शहबाज ने तारीफ में क्या कहा- दरअसल शहबाज शरीफ ने अपनी आधिकारिक एक्स पोस्ट में ट्रंप को धन्यवाद दिया है। उन्होंने लिखा कि ट्रंप ने कंबोडिया और थाईलैंड के बीच शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही कुआलालंपुर समझौते, गाजा शांति योजना और मध्य पूर्व व दक्षिण एशिया में स्थिरता लाने के लिए उनकी कोशिशों की तारीफ की है।

शरीफ ने कहा कि ट्रंप के प्रयासों से दुनिया भर में लाखों जानें बचीं। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में शरीफ ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित भी किया था।

हक्कानी ने किया तीखा व्यंग्य- हुसैन हक्कानी ने शरीफ की इस पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ट्रंप को चापलूसी करने की ओलंपिक स्पर्धा में अभी भी स्वर्ण पदक की रेस में सबसे आगे हैं। इस टिप्पणी पर भारत के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी हक्कानी की इस पोस्ट को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर किया। इससे पहले 13 अक्टूबर को मिस्र में हुए गाज़ा शांति समिट में भी शरीफ ने ट्रंप की जमकर तारीफ की थी। विश्व नेताओं की मौजूदगी में शरीफ ने कहा कि ट्रंप की अथक मेहनत और उनकी शानदार टीम की वजह से मध्य पूर्व में शांति कायम हुई।

## तुर्किए में 6.1 तीव्रता के भूकंप के जोरदार झटके से दहशत, कई इमारतें ढहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। तुर्किए के बालिकेसिर प्रांत में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को 6.1 तीव्रता का तेज भूकंप आया। इससे पहले के भूकंप में क्षतिग्रस्त तीन इमारतें ढह गईं। हालांकि गनीमत है कि इस हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है।

भूकंप का केंद्र सिंदिरगी शहर था। यह रात 10-48 बजे 6 किलोमीटर गहराई पर आया। इसके बाद कई झटके महसूस किए गए। इस्तांबुल, बुरसा, मनीसा और इजमिर में भी जमीन कांपने लगी।

22 लोग हुए घायल- सिंदिरगी में तीन खाली इमारतें और एक दो मंजिला दुकान गिर गई। ये पहले से क्षतिग्रस्त थीं। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने यह जानकारी दी। भूकंप से 22 लोग घायल हो गए। बालिकेसिर के गवर्नर इस्माइल उस्ताओग्लू ने बताया कि मौत का कोई मामला नहीं मिला।

लोगों में मन में बैठ गया है डर- कई लोग घर लौटने से डर रहे हैं। बाहर ही रात गुजार रहे हैं। इस बीच कई शहरों में बारिश भी शुरू हो गई है। मस्जिदें, स्कूल और स्पोर्ट्स हॉल खुले रखे गए हैं। सिंदिरगी में अगस्त में भी 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था। तब एक की मौत हुई थी और दर्जनों घायल हुए थे। उसके बाद छोटे झटके लग रहे थे।

# ऐसा कहोगे तो अंजाम भुगतोगे, बाबरी मस्जिद वाली पोस्ट पर SC में सुनवाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कानून के छात्र की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने फेसबुक पोस्ट को लेकर दर्ज आपराधिक मामले को रद करने की मांग की थी। इस पोस्ट में लिखा था, बाबरी मस्जिद भी एक दिन बनेगी, जैसे तुर्किए में सोफिया मस्जिद दोबारा बनी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि उसने पोस्ट देखी है और उन्हें इसमें हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखा। कोर्ट ने कहा कि आरोपी के बचाव के तर्क ट्रायल कोर्ट में अपने आधार पर सुने जा सकते है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ थी यह याचिका- यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ था जिसमें हाईकोर्ट ने 2020 में दर्ज FIR को रद करने से इनकार कर दिया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ता ने बाबरी मस्जिद से जुड़ी आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक पर डाली थी।

गौरतलब है कि 5 अगस्त 2020 को यह पोस्ट अपलोड की गई थी। बाबरी मस्जिद को 1992 में अयोध्या में ध्वस्त कर दिया गया था, जिसके बाद हिंदू और मुस्लिम पक्षों के बीच लंबा विवाद चला। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मस्जिद की तोड़फोड़ को गैरकानूनी बताया, लेकिन विवादित जमीन रामलला को दे दी। मुस्लिम क्ष को मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ की दूसरी जमीन दी गई।

याचिकाकर्ता की दलील- याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उसने सिर्फ अपनी राय रखी थी, जो संविधान के अनुच्छेद 19(1)(इ) यानी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत सुरक्षित है।

## जयपुर के पास हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बस में लगी आग; दो यात्रियों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान में मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। यहां जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के मनोहरपुर के पास मजदूरों से भरी एक यात्री बस हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आ गई।

इस दौरान करंट बस में दौड़ गया जिससे पूरी बस में आग लग गई। बस में आग लगने से करीब 10 मजदूर बुरी तरीके से झुलस गये, जिसमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पांच की हालात बेहद नाजुक है जिन्हें जयपुर रेफर किया गया है।

जयपुर के पास हाईटेंशन तार की चपेट में आई बस - रिपोर्ट के मुताबिक मजदूरों से भरी बस यूपी के मनोहरपुर के टोडी में स्थित ईंट के भट्टे पर आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। जैसे ही बस 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई उसमें आग लग गई।

दो मजदूरों की दर्दनाक मौत, कई झुलसे - हादसे की सूचना मिलते ही मनोहरपुर थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने फौरन राहत और बचाव का कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत शाहपुरा उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल मजदूरों को जयपुर रेफर कर दिया गया।

## नगालैंड में एक ही परिवार के तीन लोगों का बेरहमी से कत्ल, आरोपी ने थाने में किया सरेंडर



नई दिल्ली (एजेंसी)। नगालैंड के निउलैंड जिले में एक परिवार के तीन लोग सोमवार को कथित तौर पर उनके चचेरे भाई अब्दुल गोफुर ने मार डाला। मरने वालों में 35 साल के अशातुल और उनके दो बच्चे में 12 साल की बेटी और 6 साल का बेटा शामिल है।

पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी ने हथियारों समेत गांव परिषद के सामने सरेंडर कर दिया। मामले की जांच जारी है और मोटिव अभी पता नहीं चला है। आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

कोहिमा में बास्केटबॉल खिलाड़ी की भी रहस्यमय हत्या- वहीं कोहिमा के ओल्ड मिनिस्टर्स हिल इलाके में एक 22 साल की युवती का शव उसके घर के पास मिला।

वह नागालैंड की मशहूर बास्केटबॉल खिलाड़ी थी। पुलिस के मुताबिक, उसे आखिरी बार शनिवार रात देखा गया था।

मामले में मर्डर का केस दर्ज कर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित की गई है। नगालैंड स्टेट कमीशन फॉर वूमेन (एनएससीडब्ल्यू) ने स्वत-संज्ञान लिया है। कई सिविल संगठनों ने इस क्रूर कांड की निंदा की है।

लॉन्गलेंग में हिट-एंड-रन से दो की मौत, सड़क पर हंगामा- इसके अलावा शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को लॉन्गलेंग के पास एनएच-702बी पर आओचिंग गांव के दो लोग संदिग्ध हिट-एंड-रन में मारे गए।

# पेट भरकर खाया खाना, फिर 10 हजार का बिल देखकर भागे; होटल मालिक ने ऐसे पकड़ा




नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के माउंट आबू से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां गुजरात से आए कुछ पर्यटकों ने एक रेस्टोरेंट में भरपेट खाना खाया और जब इसका बिल करीब 10 हजार रुपये आया, जो वे लोग वहां से बहाना बनाकर भाग गए। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। रेस्टोरेंट से भागने के बाद होटल मालिक ने उनका पीछा किया। पर्यटकों की किस्मत इतनी बुरी थी कि उनकी गाड़ी ट्रैफिक जाम में फंस गई और फिर होटल मालिक ने उन्हें पकड़ लिया।

10 हजार का बिल देखकर भागे- राजस्थान के माउंट आबू के पास स्थित एक जगह है सियावा। यहां के हैप्पी डे होटल में गुजरात के कुछ पर्यटक ठहरे हुए थे। उन लोगों ने होटल के रेस्टोरेंट में ढेर सारी चीजें ऑर्डर कीं और पेट भरकर खाना खाया। इसका बिल 10,900 रुपये का बना। लेकिन जब बिल चुकाने का समय आया, तो उन्होंने एक तरकीब निकाली।

पर्यटकों के ग्रुप ने बिल से बचने के लिए टॉयलेट जाने का बहाना किया। एक-एक कर पांचों लोग टॉयलेट जाने के बहाने रेस्टोरेंट से निकले और फिर जाकर अपनी कार में बैठ गए। इसके बाद उन्होंने गाड़ी स्टार्ट की और वहां से भाग गए। होटल मालिक और वेटर को थोड़ी देर बाद ये सारा माजरा समझ आया।

होटल मालिक ने किया पीछा- उन्होंने अपनी गाड़ी से उनका पीछा किया। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि पर्यटकों की कार गुजरात और राजस्थान के बॉर्डर पर स्थित अंबाजी की ओर जा रही है। लेकिन वहां काफी ट्रैफिक जाम था। पर्यटकों की कार वहां फंस गई। इतनी ही देर में होटल मालिक वहां पहुंच गया और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने पांचों पर्यटकों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पर्यटकों ने अपने एक दोस्त को फोन कर बिल चुकाने के लिए ऑनलाइन पैसे भेजने को कहा।

# 15 करोड़ का घोड़ा, 23 करोड़ की भैंस... पुष्कर मेले में पर्यटकों को लुभा रहे हैं ये अनमोल पशु



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के पुष्कर में हर साल लगने वाला पशु मेला पूरे भारत में मशहूर है। इस मेले में आपको सबसे महंगे पशु देखने को मिलेंगे। इस साल मेले में एक 15 करोड़ का घोड़ा और एक 23 करोड़ की एक भैंस भी शामिल है। इस मेले ने दुनियाभर के पर्यटकों का ध्यान खींचा है।

15 करोड़ के घोड़े शाहबाज की खासियत- इस बार के पुष्कर पशु मेले में गैरी गिल का ढाई साल का घोड़ा शाहबाज मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इस घोड़े की कीमत 15 करोड़ रुपये बताई जा रही है। गिल ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, ÷उनका ढाई साल का घोड़ा शाहबाज कई शो जीत चुका है। इस घोड़े का एक प्रतिष्ठित वंश से ताल्लुक है। उसकी कवरिंग फीस 2 लाख रुपये है और उसकी मांगी गई कीमत 15 करोड़ रुपये है। उन्हें अपने घोड़े के लिए 9 करोड़ रुपये तक के प्रस्ताव मिल चुके हैं÷इस घोड़े के प्रजनन पर ही 2 लाख रुपये का खर्च आता है।

23 करोड़ का अनमोल भैंसा- शाहबाज घोड़े के अलावा पुष्कर मेले में एक भैंसा भी काफी चर्चे में है। इस भैंसे की कीमत 23 करोड़ आंकी गई है। इस भैंसे के मालिक ने दावा किया है कि इसे राजसी ठाठ-बाट के साथ पाला गया है। भैंसे की खासियत बताते हुए मालिक ने कहा कि इसे हर रोज खास खाना दिया जाता है। इसके खाने में देसी घी, दूध और सूखे मेवे भी शामिल हैं।

अन्य पशु भी आकर्षण का केंद्र- इस मेले में एक अन्य भैंसा भी शामिल है। राणा नाम के इस भैंसे की कीमत 25 लाख बताई गई है। इसका वजन 600 किलोग्राम है। एक बदल नाम का घोड़ा भी चर्चे में है, जो 285 घोड़ों का पिता है। पुष्कर मेला राजस्थान की पशुपालन परंपराओं का उत्सव है। इस बार 23 अक्टूबर से शुरू हुआ ये मेला 7 नवंबर तक चलने वाला है। इस मेले में इस साल भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट से सिद्दरमैया को लगा तगड़ा झटका




नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार को हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर 10 से अधिक लोगों के एकत्रित होने के लिए पहले से अनुमति लेना अनिवार्य किया गया था।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने बीते 18 अक्टूबर को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश में निजी संगठन, संघ या व्यक्तियों के समूहों को संस्था से जुड़ी गतिविधियों के लिए सरकारी संपत्ति या परिसर का उपयोग करने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य किया गया था। हालांकि इस आदेश में संघ का नाम साफ तौर से नहीं लिखा गया था, लेकिन ऐसा कहा जा रहा था कि आदेश के प्रावधानों का उद्देश्य हिंदू संगठनों की गतिविधियों को प्रभावित करना है।

हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश पर लगाई रोक- सरकारी आदेश के बाद कोर्ट में इसे चुनौती दी गई। कोर्ट में राज्य सरकार ने अपने आदेश का बचाव करते हुए तत्कालीन भाजपा सरकार के तहत शिक्षा विभाग द्वारा जारी 2013 के एक परिपत्र का हवाला दिया है, जिसमें स्कूल परिसर और खेल के मैदानों का उपयोग केवल शैक्षिक उद्देश्यों के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध की मांग- बता दें यह आदेश कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग के कुछ दिनों बाद आया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने बीते 4 अक्टूबर को सिद्दरमैया को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि आरएसएस सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी अपनी शाखाएं चला रहा है, जहां ÷नारे लगाए जाते हैं और बच्चों और युवाओं के मन में नकारात्मक विचार भरे जाते हैं।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल अष्टमी




## संपादकीय

# दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के एक राज्य बिहार क़ा विधानसभा चुनाव 2025 सभी 243 सीट पर दो चरण में चुनाव होंगे



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के एक राज्य बिहार क़ा विधानसभा चुनाव 2025 सभी 243 सीट पर दो चरण में चुनाव होंगे। पहले चरण के लिए 6 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगी।वहीं, चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को जारी किए जाएंगे, चुनाव का आयोजन ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत का राजनीतिक- सामाजिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। राज्य में विगत दशकों से गरीबी, बेरोज़गारी, किसान समस्या, आधारभूत सुविधाओं की कमी, प्रवासन-मुद्रा जैसे कई प्रश्न बने हुए हैं।ऐसे में जब प्रमुख राजनीतिक दलों ने यह दावा किया है कि यदि उनकी सरकार बनेगी तो सत्ता में रहकर 'समृद्धि -युग' की तरह का शासन लागू करेंगे, तो यह दावा महज़ चुनावी वादा नहीं बल्कि एक रणनीतिक एवं प्रतीकात्मक प्रस्ताव भी बन गया है। इस लेख का उद्देश्य उन वादों को अंतरराष्ट्रीय अर्थों में देखना है कि ये वादे किस प्रकार समकालीन लोकतंत्र, विकास, सामाजिक न्याय तथा नीति क्रियान्वयन की चुनौतियों से टकरा रहे हैं; और उन्हें सफलता पूर्वक लागू होने की दृष्टि से कहाँ-कहाँ मुश्किलें हैं। इस बार बिहार में कुल 243 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान हो रहा है, जिसमें विभिन्न दल तथा गठबंधन बड़े पैमाने पर चुनावी मैदान में हैं।राज्य के भीतर विकास-प्रगति की पुरानी कहानियाँ भी हैं,लेकिन उन्हें अब तक पूरी तरह सफल नहीं कहा जा सकता। ऐसे में जब राजनीतिक दल बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं,जैसे पर्याप्त रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, घोषणाएँ पेंशन-भत्तों की, स्थानीय प्रतिनिधियों को सुविधा-आधार देना,यह महज घोषणाएँ नहीं बल्कि चुनावी विमर्श का केंद्र बन चुकी हैं। जब राजनीतिक दलों द्वारा यह कहा जाता है कि हम ऐसा शासन लाएँगे कि 'समृद्धि- युग जैसा होगा, तो यह एक प्रतीकात्मक भाषा है जिसमें अपेक्षा है कि गरीबी और असमानताओं का अंत हो, सुशासन कायम हो, प्रत्येक नागरिक को अवसर मिले, सुरक्षित एवं सम्मानित जीवन मिले। भारतीय सार्वभौमिक मिथकों में,'समृद्धि-युग उस युग को कहते हैं जहाँ धर्म, समता, न्याय पूर्ण रूप से थे। इसे राजनीतिक रंग में मोड़ना महत्वपूर्ण है,यह दर्शाता है कि दल चाहते हैं कि जनता उनसे सिर्फ सफ़ल शासन नहीं बल्कि एक प्रकार का उत्कृष्ट शासन अपेक्षित करती है। इस रूपक में वादों का स्वराहार है- यदि हम सत्ता में आएँगे, तो राज्य हमारे तरीके से बदलेगा, व्यवस्था हमारी तरह बनेगी।

साथियों बात अगर हम चुनावी वादों क़े व्यावहारिक अर्थ को समझने की करें तो,वास्तव में, इन वादों के पीछे कुछ स्पष्ट नीतिगत बिंदु हैं,जैसे रोजगार सृजन, पंचायत सीटों का सशक्तिकरण,सामाजिक सुरक्षा, महिला -सशक्तिकरण, भूमि सुधार, शराब नीति की समीक्षा, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आदि। इससे यह स्पष्ट है कि प्रमुख दलों ने 'सामाजिक न्याय' और 'सकल विकास' की भाषा को अपनाया है। इस अर्थ में इन वादों का स्वर अंतरराष्ट्रीय विकास व राजनीति-विज्ञान के संदर्भ से भी देखा जा सकता है,जिसमें 'जन कल्याण', 'नीतिगत समावेशन','भेदभाव न्यूनीकरण' जैसे उद्देश्य शामिल हैं,हालाँकि वादे सुंदर लगते हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन सहज नहीं है। विकास-प्रबंधन, वित्तीय संसाधन की कमी, बुनियादी प्रशासनिक ढांचे की जटिलताएँ, चयन प्रक्रिया एवं भ्रष्टाचार-प्रवृत्तियाँ, राजनीतिक बदलता गठबंधन-परिस्थितियाँ ये सभी अवरोध हैं। उदाहरण स्वरूप, बिहार में अब तक विकास के वादे किए गए, लेकिन राज्य लगातार सुस्त विकास दर, उच्च प्रवासन दर व अर्थव्यवस्था की कमजोरियों से जूझ रहा है। जब एक राजनीतिक दल कहता है कि हर परिवार को सरकारी नौकरी मिलेगीतो यह बजट- संसाधन,भर्ती-नीति, प्रशिक्षण- संस्थान, पारदर्शिता व निष्पादन की चुनौतियों को सामने लाता है। इसी तरह, बड़ी सामाजिक-निति घोषणाएँ जैसे 'भूमिहीनों को भूमि' या '65 त्न आरक्षण' केवल घोषणा ही नहीं, बल्कि विस्तृत क़ानूनी, आर्थिक, प्रशासनिक तैयारी और संभवतः संवैधानिक चुनौतियों का सटीक सामना करती हैं।

# कमलादेवी चट्टोपाध्याय



कमलादेवी चट्टोपाध्याय भारत की समाज सुधारक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, तथा भारतीय हस्तकला के क्षेत्र में नवजागरण लाने वाली गाँधीवादी महिला थीं। उन्हे समाज सेवा के लिए 1955 में पद्म भूषण और सामुदायिक नेतृत्व के लिए सन 1966 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### जीवन परिचय

कमलादेवी चट्टोपाध्याय का जन्म कर्नाटक के एक सम्पन्न ब्राह्मण परिवार, में 3 अप्रैल, सन् 1903 में हुआ था। उन्होंने मंगलोर तथा बाद में लन्दन के अर्थशास्त्र स्कूल से शिक्षा ग्रहण की। उनकी शादी अत्यन्त छोटी अवस्था में हो गयी तथा स्कूली शिक्षा के दौरान विधवा हो गयी थी। बाद में उन्होंने अपनी पसन्द के व्यक्ति हरेन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय से वैवाहिक संबंध जोड़ दिया। कमलादेवी ने अपनी पति के साथ व्यापक रूप से यात्राएं की। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता और कला और साहित्य की समर्थक थी।

### महिला आन्दोलन में योगदान

प्रकृति की दीवानी कमला देवी ने 'ऑल इंडिया वीमेन्स कांफ्रेंस' की स्थापना की। ये बहुत दिलेर थीं और पहली ऐसी भारतीय महिला थीं, जिन्होंने 1920 के दशक में खुले राजनीतिक चुनाव में खड़े होने का साहस जुटाया था, वह भी ऐसे समय में जब बहुसंख्यक भारतीय महिलाओं को आजादी शब्द का अर्थ भी नहीं मालूम था। ये गाँधी जी के 'नमक आंदोलन' (वर्ष 1930) और 'असहयोग आंदोलन' में हिस्सा लेने वाली महिलाओं में से एक थीं। नमक कानून तोड़ने के मामले में बांबे प्रेसीडेंसी में गिरफ्तार होने वाली वे पहली महिला थीं। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वे चार बार जेल गईं और पांच साल तक सलाखों के पीछे रहीं।

### हस्तशिल्प तथा हथकरघा कला को विकसित करने में योगदान

कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने देश के विभिन्न हिस्सों में बिखरी समृद्ध हस्तशिल्प तथा हथकरघा कलाओं की खोज की दिशा में अद्भुत एवं सराहनीय कार्य किया। कमला चट्टोपाध्याय पहली भारतीय महिला थीं, जिन्होंने हथकरघा और हस्तशिल्प को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

आजादी के बाद इन्हें वर्ष 1952 में 'आल इंडिया हेंडीक्राफ्ट' का प्रमुख नियुक्त किया गया। ग्रामीण इलाकों में इन्होंने घूम-घूम कर एक पारखी की तरह हस्तशिल्प और हथकरघा कलाओं का संग्रह किया। इन्होंने देश के बुनकरों के लिए जिस शिद्दत के साथ काम किया, उसका असर यह था कि जब ये गांवों में जाती थीं, तो हस्तशिल्पी, बुनकर, जुलाहे, सुनार अपने सिर से पगड़ी उतार कर इनके कदमों में रख देते थे। इसी समुदाय ने इनके अथक और निःस्वार्थ मां के समान सेवा की भावना से प्रेरित होकर इनको 'हथकरघा मां' का नाम दिया था।

### देश के प्रमुख सांस्कृतिक और आर्थिक संस्थनों की स्थापना में योगदान

भारत में आज अनेक प्रमुख सांस्कृतिक संस्थान इनकी दूरदृष्टि और पक्के इरादे के परिणाम हैं. जिनमें प्रमुख हैं- नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, संगीत नाटक अकेडमी, सेन्ट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम और क्राफ्ट कौंसिल ऑफ इंडिया। इन्होंने हस्तशिल्प और को-ओपरेटिव आंदोलनों को बढ़ावा देकर भारतीय जनता को सामाजिक और आर्थिक रूप से विकसित करने में अपना योगदान दिया। हालांकि इन कार्यों को करते समय इन्हें आजादी से पहले और बाद में सरकार से भी संघर्ष करना पड़ा।

### पुस्तकें

कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने 'द अवेकिंग ऑफ इंडियन वोमेन' वर्ष 1939, 'जापान इट्स विकनेस एंड स्ट्रेन्थ' वर्ष 1943, 'अंकल सैम एम्पायर' वर्ष 1944, 'इन वार-टॉर्न चाइना' वर्ष 1944 और 'टुवर्ड्स ए नेशनल थिएटर' नामक पुस्तकें भी लिखीं, जो बहुत चर्चित रहीं।

### व्यक्तित्व

कमलादेवी चट्टोपाध्याय ब्राह्मण होते हुए समाजवादी थीं। बालिका वधू होते हुये वो स्त्री अधिकारवादी थीं। एक ऐसी राजनेता थीं जिन्हें कुर्सी की दरकार नहीं थी। एक ऐसी कुलीन वर्ग की महिला जिन्होंने लोक कलाओं को पुनर्जीवित किया। गांधीजी के नमक आंदोलन में गिरफ्तारी देने वाली पहली महिलाओं में से एक थीं कमलादेवी। विभाजन के बाद उन्होंने शरणार्थियों के पुनर्वास में अपने आप को झोंक दिया। कमला देवी गाँधी जी, जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, सरोजनी नायडू तथा कस्तूरबा गांधी से गहरे रूप से प्रभावित थी। उन्होंने स्वाधीनता संघर्ष में हिस्सा लिया तथा अनेकों बार जेल गयी।

### सम्मान और पुरस्कार

समाज सेवा के लिए भारत सरकार ने इन्हें नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' से वर्ष 1955 में सम्मानित किया।

वर्ष 1987 में भारत सरकार ने अपने दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से इन्हें सम्मानित किया।

सामुदायिक नेतृत्व के लिए वर्ष 1966 में इन्हें 'रेमन मैग्सेसे' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

इन्हें संगीत नाटक अकादमी की द्वारा 'फेलोशिप और रत्न सदस्य' से सम्मानित किया गया।

संगीत नाटक अकादमी के द्वारा ही वर्ष 1974 में इन्हें 'लाइफटाइम अचिवेमेंट' पुरस्कार भी प्रदान किया गया था।

यूनेस्को ने इन्हें वर्ष 1977 में हेंडीक्राफ्ट को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया था।

शान्ति निकेतन ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'देसिकोट्टम' से सम्मानित किया।



# खुशखबरी! 18% गिरावट के बाद भी चांदी दे सकती है 50 फीसदी रिटर्न



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिवाली आने तक बढ़ती डिमांड के चलते सोने और चांदी की कीमत में तेजी देखी जा रही थी। चांदी में सोने से ज्यादा तेजी थी। इस बीच निवेशकों ने अच्छी खासी प्रॉफिट बुकिंग की। लेकिन फेस्टिव सीजन खत्म होते-होते चांदी में हुई गिरावट ने सभी को चौका दिया। चांदी में पिछले दो हफ्ते में 18 फीसदी गिरावट आई। चांदी में हुई को देख सभी निवेशक घबरा गए। ऐसे में एक्सपर्ट्स का मानना है कि चांदी इतनी गिरावट के बावजूद 50 फीसदी तक रिटर्न दे सकता है।

एक्सपर्ट क्यों कर रहे हैं चांदी पर विश्वास- मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल के रिसर्च एनालिस्ट मानव मोदी कहते हैं, हमारा मानना है कि चांदी की कीमतें अगले कुछ महीनों में 50-55 डॉलर प्रति आउंस के बीच स्थिर रहेगी। वहीं साल 2026 के अंत तक यह 75 डॉलर प्रति आउंस की ओर बढ़ सकती है। वहीं घरेलू बाजारों में अगले साल के अंत तक चांदी का भाव 240,000 रुपये प्रति किलो हो जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चांदी की कीमत 16 अक्टूबर को 54.45 डॉलर प्रति आउंस थी। अभी इसकी कीमत 48.59 डॉलर प्रति आउंस है। इसमें 10.9 फीसदी की गिरावट है। वहीं 16 अक्टूबर को चांदी का भाव 182,000 प्रति किलो के आसपास चल रहा था। अभी इसकी कीमत 140,676 रुपये प्रति किलो है।

पिछले साल चांदी ने डॉलर के हिसाब से 44 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं भारतीय रुपयों में 55.72 फीसदी रिटर्न दिया है।

IBJA में अपडेट हुई नए दरों के अनुसार आज 28 अक्टूबर को 24 कैरेट सोने का दाम 119,184 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 109,154 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसके साथ ही 18 कैरेट सोने की कीमत 89,373 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

अगर आज चांदी के भाव की बात करें तो IBJA में 1 किलो चांदी की कीमत 143,400 रुपये है। कल 27 अक्टूबर को चांदी की कीमत 148,030 रुपये प्रति किलो थी।

## मुकेश अंबानी नहीं, यह व्यक्ति है रिलायंस इंडस्ट्रीज का सबसे बड़ा शेयरधारक



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के सबसे अमीर आदमी हैं। वे एशिया के सबसे दौलतमंद कारोबारी भी हैं और दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में उनका नाम आता है। यह मुकाम उन्होंने अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की बदौलत हासिल किया है, लेकिन क्या आप जानते हैं रिलायंस इंडस्ट्रीज में मुकेश अंबानी, प्रमोटर ग्रुप में महज 0.12 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं, और इस मामले में उनकी मां कोकिला बेन धीरू भाई अंबानी सबसे ज्यादा 0.24 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का कुल मार्केट कैप 20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा और इस लिहाज से यह भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी है। शेयर बाजार में लिस्टेड हर कंपनी में प्रमोटर्स के अलावा, विदेशी और घरेलू निवेशकों के साथ-साथ आम निवेशकों की भी हिस्सेदारी होती है। आइये आपको बताते हैं रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार मुकेश अंबानी की कंपनी में कितनी हिस्सेदारी है और अन्य इन्वेस्टर्स का कितना स्टैक है?

प्रमोटर ग्रुप में किसकी-कितनी हिस्सेदारी- रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमोटर ग्रुप में मुकेश अंबानी, नीता अंबानी, ईशा अंबानी, आकाश अंबानी, अनंत अंबानी और कोकिलाबेन धीरू भाई अंबानी शामिल हैं, और इनका कंपनी में कुल स्टैक 0.84 फीसदी है।

## आठवें वेतन आयोग को लेकर बड़ी खबर, कैबिनेट ने दी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जर्स्[ रंजना प्रकाश देसाई को चेयरमैन बनाया गया है।

8वां सेंट्रल पे कमीशन एक टेम्परी बॉडी होगी। इस कमीशन में एक चेयरपर्सन, एक मेंबर (पार्ट टाइम) और एक मेंबर-सेक्रेटरी होंगे। यह कमीशन बनने की तारीख से 18 महीने के अंदर अपनी सिफारिशें देगा। अगर जरूरी हुआ तो यह किसी भी मामले पर सिफारिशें फाइनल होने पर बीच-बीच में रिपोर्ट भी भेज सकता है।

केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनभोगी लंबे समय से 8वें वेतन आयोग का इंतजार कर रहे थे। सरकार ने इस साल की शुरुआत में 16 जनवरी को 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। ञ्शक्रको मंजूरी मंत्रालयों और अन्य विभागों के साथ कई दौर के विचार-विमर्श के बाद मिली है। इस परामर्श में संयुक्त परामर्शदात्री तंत्र के कर्मचारी पक्ष को भी शामिल किया गया था। मंगलवार की घोषणा के अनुसार, 8वें वेतन आयोग को 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करनी होंगी।

सेंट्रल पे कमीशन समय-समय पर सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों की सैलरी स्ट्रक्चर, रिटायरमेंट बेनिफिट्स और दूसरी सर्विस कंडीशंस से जुड़े अलग-अलग मामलों की जांच करने और उनमें जरूरी बदलावों के बारे में सुझाव देने के लिए बनाए जाते हैं। आमतौर पर, पे कमीशन की सिफारिशें हर दस साल के गैप के बाद लागू की जाती हैं। इस ट्रेंड को देखते हुए, 8वें सेंट्रल पे कमीशन की सिफारिशों का असर आमतौर पर 01.01.2026 से होने की उम्मीद है। सरकार ने जनवरी 2025 में सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों की सैलरी और दूसरे बेनिफिट्स में बदलावों की जांच करने और सिफारिशें करने के लिए 8वें सेंट्रल पे कमीशन के गठन की घोषणा की थी।

## जंगल राज कानून नहीं चलेगा, अमेरिका के 100% टैरिफ पर चीन का पलटवार; दी ट्रंप को सीधी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव के बीच चीन ने सख्त लहजा अपनाया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने सोमवार को अमेरिका की टैरिफ नीति पर सीधा हमला करते हुए कहा कि दुनिया को जंगल के कानून यानी लॉ ऑफ द जंगल की ओर वापस नहीं जाना चाहिए, जहां ताकतवर देश कमजोरों को दबाते हैं। ली कियांग ने ये बयान मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में चल रहे आसियान सम्मेलन में दिया। उन्होंने अमेरिका की एकतरफा नीतियों को लेकर कहा, आर्थिक वैश्वीकरण और बहुध्रुवीयता अब अटल है। दुनिया को ऐसे वक्त में मिलकर मुक्त व्यापार प्रणाली को मजबूत करना चाहिए। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए क्या कहा था?

उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर 1 नवंबर तक कोई समझौता नहीं हुआ, तो वह चीन के आयात पर 100त्न टैरिफ लगाने की नीति पर आगे बढ़ेंगे। हालांकि, दोनों देशों के बीच हाल में सकारात्मक संकेत मिले हैं। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि वाशिंगटन और बीजिंग के बीच एक बेसिक कंसेंसस (मूल सहमति) बन गई है और 100त्न टैरिफ की संभावना अब लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा, हमारे पास अब नेताओं के बीच होने वाली चर्चा के लिए एक सफल ढांचा तैयार है।

## औंधे मुंह गिरे सुप्रीम इंडस्ट्रीज के शेयर, कंपनी ने दिया 11 रुपये डिविडेंड, लेकिन मुनाफे से खुश नहीं हुए निवेशक



नई दिल्ली (एजेंसी)। वाटर टैंक समेत प्लास्टिक प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी सुप्रीम इंडस्ट्रीज के शेयरों में 5 फीसदी की बड़ी गिरावट देखने को मिली है। दरअसल, दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में 28 अक्तूबर को जोरदार बिकवाली हुई। दरअसल, सुप्रीम इंडस्ट्रीज का मुनाफा सालाना आधार पर घट गया है। त्त2 रिजल्ट के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने कंपनी के शेयरों पर मिली-जुली राय दी, जिसके बाद शेयरों में तगड़ी गिरावट आ गई।


सुप्रीम इंडस्ट्रीज के शेयर सुबह 3960 रुपये पर खुले और टूटकर 3811 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। कंपनी के स्टॉक साढ़े 4 फीसदी की गिरावट के साथ 3814 रुपये पर क्लोज हुए हैं।

कैसे रहे कंपनी के नतीजे- सुप्रीम इंडस्ट्रीज ने 27 अक्टूबर को वित्त वर्ष 2026 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 164.74 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज किया, लेकिन सालाना आधार पर कंपनी का मुनाफा 20 फीसदी गिर गया। क्योंकि, पिछले वर्ष की इसी अवधि में कंपनी ने 206.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

इस तिमाही में कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में 5 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2,394 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, शेयरधारकों के लिए अच्छी खबर है कि सुप्रीम इंडस्ट्रीज ने उन्हें 11 रुपये प्रति शेयर अंतरिम डिविडेंड देने का ऐलान किया है, साथ ही इसके लिए रिकॉर्ड डेट 3 नवंबर तय की है।

शेयरों पर ब्रोकरेज के टारगेट प्राइस - ब्रोकरेज फर्म CLSA ने सुप्रीम इंडस्ट्रीज के शेयरों पर 'HOLD' कॉल बरकरार रखा है, लेकिन इसका टारगेट प्राइस घटाकर 4,275 रुपये प्रति शेयर कर दिया है।

## 70 रुपये का ये छोटकू स्टॉक 13 फीसदी उछला, कंपनी का बिहार में बड़ा कारोबार



नई दिल्ली (एजेंसी)। वेंचर्स लिमिटेड एनएसई पर गिरावट के बीच जोरदार उछला। आज इसके शेयर ने पिछले बंद भाव 61.39 से करीब 13 फीसदी की तेजी दिखाई है। इसने आज 70.42 का हाई लेवल बनाया। वहीं न्यूनतम स्तर 61.16 रुपये का रहा। BMW वेंचर्स का इसी महीने 1 अक्टूबर, 2025 को 78 पर शेयर लिस्ट हुआ है। यह इसके आईपीओ प्राइस 99 से 21त्न कम पर लिस्ट हुआ।

किस वजह से दिखी BWM वेंचर शेयर में तेजी- दो दिन पहले ही BWM वेंचर ने कंपनी को एक संरचनात्मक इस्पात निर्माता से 4.49 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने फाइलिंग में बताया है कि पीईबी विनिर्माण प्रभाग में प्री-इंजीनियरिंग स्टील बिल्डिंग (पीईबी) के निर्माण, आपूर्ति और स्थापना के लिए यह ऑर्डर मिला है। सेबी लिस्टिंग विनियमों के तहत आवश्यक विवरण, सेबी मास्टर दिनांक 11 नवंबर, 2024 के साथ पठित, इस पत्र के अनुलग्नक A में दिए गए हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# चुनाव आयोग का बड़ा एलान... SIR के न्यूमेरेशन फॉर्म में दी गलत जानकारी तो होगी जेल

भोपाल। मध्य प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। 3 नवंबर तक नए बीएलओ का प्रशिक्षण कराया जाएगा और 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाएंगे और न्यूमेरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) देंगे। सही जानकारी पाए जाने पर मतदाता सूची में नाम यथावत रहेगा और अगर फॉर्म में गलत जानकारी भरी जाती है तो मतदाता सूची से नाम हटाने के साथ ही संबंधित मतदाता के विरुद्ध जुर्माना या कारावास का दंड दिया जाएगा।

एसआइआर की आवश्यकता क्यों पड़ी?

एमपी के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी दी कि राजनीतिक दलों द्वारा मतदाता सूचियों की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाए गए हैं। बार-बार मतदाताओं के होने वाले स्थानांतरण या अन्यत्र चले जाने से मतदाता



एक से अधिक जगह पंजीकृत हो जाते हैं। लंबे समय से मृत मतदाताओं के नाम भी नहीं हटाए गए और विदेशी व्यक्तियों का गलत तरह से समावेश हो गया। इस तमाम बातों को ध्यान में रखकर एसआइआर की आवश्यकता पड़ी। झा ने बताया कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण में स्वयंसेकों की नियुक्ति की जाएगी। वह वास्तविक निर्वाचकों विशेष रूप से वृद्ध बीमार, दिव्यांग, गरीब मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न न हो इसका ध्यान रखेंगे।

मतदाता के घर तीन बार जाएंगे बीएलओ

बीएलओ बीएलओ नए मतदाता के नाम को जोड़ने के लिए फार्म छह और घोषणा प्रपत्र एकत्र करेंगे तथा मिलान/लिंकिंग में सहायता करेंगे। मतदाता को गणना प्रपत्र भरने में एवं एकत्र करने में सहायता करेंगे और ईआरओ/ एईआरओ को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार अवश्य जाएंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी या अस्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र भर सकते हैं। ऐसे मतदाताओं की पहचान करेंगे, जो मृत हैं, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं, या एक से अधिक स्थान पर पंजीकृत हैं।

जिन निर्वाचकों के गणना प्रपत्र प्राप्त हो गए हैं, उनके नाम प्रारूप सूची में शामिल करेंगे। जिन निर्वाचकों के नामों का पिछले 59 से मिलान/लिंकिंग नहीं हो सका है, उन्हें नोटिस जारी करेंगे। ऐसे मामलों की सुनवाई कर उनकी पात्रता निर्धारित करेंगे और उनके नामों को अंतिम नामावली में शामिल या वर्जित करने का निर्णय लेंगे। ईआरओ/एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिक न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित न हो।

आकंड़ों पर डालें नजर

कुल मतदाता- 5 करोड़ 74 लाख

मतदान केंद्र- 65014

राजनीतिक दलों के बीएलए- 1,19,940

इआरओ/एइआरओ- 762 ऐसे होगा स्ढ्क्रका कार्य

मुद्रण/ प्रशिक्षण- 28 अक्टूबर से 3 नवंबर

घर-घर गणना चरण- 4 नवंबर से 4 दिसंबर

प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन- 9 दिसंबर

दावे एवं आपत्तियों की अवधि- 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026

नोटिस धरण (सुनवाई एवं प्रमाणीकरण)- 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026

अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन- 7 फरवरी 2026

# प्रमोशन आरक्षण पर बड़ा अपडेट... कोर्ट ने सरकार के जवाब पर उठाए सवाल, कहा- आंकड़े बेहतर करके लाएं



जबलपुर। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष मंगलवार को मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद को लेकर दायर याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने सीलबंद लिफाफे में क्वांटिफायबल डाटा पेश किया।

कोर्ट ने सरकार के आंकड़ों और जवाब पर असंतोष जताया

कोर्ट ने किसी एक विभाग के आंकड़े देखने के बाद आश्चर्य जताते हुए कहा कि इसमें तो सभी पद आरक्षित वर्ग से भरे हैं, ऐसे में समानता का क्या होगा। कोर्ट ने प्रथमदृष्टया सरकार के आंकड़ों और जवाब पर असंतोष जताया। कोर्ट ने सरकार को पदोन्नति नीति और एडीकेसी वह रिप्रेजेंटेशन पर दोबारा कार्य कर स्पष्ट जवाब पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने मामले पर अगली सुनवाई 12 नवंबर को निर्धारित की है।

**सरकार ने सीलबंद लिफाफे में क्वांटिफायबल डाटा पेश किया-**विगत सुनवाई के दौरान सरकार ने कोर्ट में कहा था कि नई प्रमोशन पालिसी 2016 के बाद के प्रमोशन पर लागू होगी, जबकि 2016 से पहले के प्रमोशन में वर्ष 2002 के नियमों प्रभावी रहेंगे। इसके बाद के प्रमोशन में वर्ष 2025 के नियम प्रभावी होंगे। कोर्ट ने सरकार को नए नियम के अनुसार क्वांटिफायबल डेटा एकत्र करते हुए सील बंद लिफाफे में पेश करने कहा था। क्या है पूरा मामला?

भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध एमपी शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद एमपी शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए। वहीं मामले में अजाक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं।

# एमपी में बनेंगे 8 हजार नए पोलिंग बूथ, हर बूथ पर होंगे अधिकतम 1200 वोटर, इलेक्शन कमीशन को भेजा प्रस्ताव




भोपाल। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के साथ ही मध्य प्रदेश में करीब 8001 नए पोलिंग बूथ (मतदान केंद्र) भी बनाए जाएंगे। इसका प्रस्ताव तैयार करके मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया है। प्रदेश में वर्तमान में 65 हजार 14 मतदाता बूथ हैं। वर्तमान में औसतन 1500 मतदाताओं पर एक बूथ है। चुनाव आयोग की नई गाइडलाइन के मुताबिक अब किसी भी पोलिंग बूथ पर अधिकतम 1200 मतदाता ही रखे जा सकेंगे। इस लिहाज से एमपी में कुल बूथों की संख्या 73 हजार 15 हो जाएगी।

### *राजनीतिक दलों को भी बढ़ानी होगी बीएलए की संख्या*

राजनीतिक दलों की ओर से 1,18,500 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए गए हैं। भाजपा के निर्वाचन आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एसएस उप्पल ने बताया कि भाजपा के प्रदेश में 64 हजार 500 बीएलए है और कांग्रेस के 54 हजार बीएलए हैं। बूथों की संख्या बढ़ने से राजनीतिक दलों को भी अपने बीएलए बढ़ाने होंगे। उनका प्रशिक्षण से लेकर उनकी जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को देनी होगी। इसी आधार पर वे आगामी चुनाव में पार्टी के लिए कार्य कर पाएंगे।

### *इसलिए पड़ी जरूरत*

1500 मतदाताओं पर एक बूथ की व्यवस्था है लेकिन इतनी संख्या होने पर समय से मतदान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है। कई बार देर रात तक मतदान की स्थिति देखी गई है। ऐसे में निर्वाचन आयोग ने इसकी नई गाइडलाइन तय कर किसी भी पोलिंग बूथ पर अधिकतम 1200 मतदाता ही रखे जाने का निर्णय लिया। राजनीतिक पार्टियों ने क्या कहा?

भाजपा प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग की तैयारियों के साथ हमारी भी तैयारी है। हमारे अभी करीब 64 हजार 500 बीएलए है। इनकी चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति की गई है। जैसे ही निर्वाचन आयोग बूथों की संख्या बढ़ाएगा, हम अपने बीएलए भी उसी अनुरूप बनाएंगे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के सलाहकार केके मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के हर पारदर्शी निर्णय का कांग्रेस पार्टी पालन करने को तैयार है। हमारी पूरी तैयारियां भी है, किंतु निर्वाचन आयोग को अपनी ईमानदार और निष्पक्षता वाली शैली को देश के सामने प्रस्तुत करना होगा।

# भैंस चोरी के शक में दो युवकों की बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई, 18 पर केस दर्ज

खंडवा। टिटगांव गांव में सोमवार देर रात दो युवकों को ग्रामीणों ने गाय-भैंस चोरी के शक में पकड़ लिया और बांधकर बुरी तरह पीट दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

थाना मोघट रोड पुलिस ने मामले में अज्ञात 10 से 15 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।वहीं मंगलवार सुबह टिटगांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में मोघट थाने पहुंचे और भैंस चोरी करने वालों को पकड़ने की मांग की।मोघट पुलिस ग्रामीणों के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है।वहीं बिजौरा निवासी फरियादी की शिकायत पर जावर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ भैंस चोरी का



मामला दर्ज किया। इधर, मोघट पुलिस ने लोडिंग वाहन को लावारिस हालात में ट्रेस कर जावर पुलिस को सौंपा। लोडिंग वाहन से चोरी गई चार भैंसें जब्त की गई है। घायलों का चल रहा इलाज

थाना मोघट रोड में पदस्थ सउनि जितेंद्र तिवारी ने बताया कि घायल 20 वर्षीय गोलू उर्फ वासिफ पुत्र सैय्यद महमूद अली निवासी बंगाली कालोनी बड़वा और 25 वर्षीय जीशान पुत्र इसाक निवासी मोघट थाना क्षेत्र बड़वा जिला अस्पताल के स्ब्ङ्ख वार्ड में भर्ती हैं। घायल वासिफ ने पुलिस को बताया कि वह निर्माण स्थल पर सुपरवाइजर का काम करता है। सोमवार रात अपने दोस्त जीशान के साथ टिटगांव रोड स्थित फार्म हाउस में जन्मदिन कार्यक्रम में गया था। रात करीब 11 बजे दोनों गुटखा लेने बाहर निकले। इसी दौरान टिटगांव की ओर से एक पिकअप और कुछ बाइक सवार युवक आए।

ग्रामीणों ने उन्हें रोक लिया और गाय-भैंस चोरी के शक में पूछताछ करने लगे।वासिफ ने बताया कि ग्रामीणों ने उनके हाथ-पैर बांध दिए और डंडे व लोहे की राड से जमकर मारपीट की।एक घंटे बाद 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को छुड़वाकर जिला अस्पताल पहुंचाया।




# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में 8 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से बनी अत्याधुनिक फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब का किया लोकार्पण



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों को शुद्ध, प्रमाणिक और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं औषधि उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर नागरिक तक सुरक्षित और मानक गुणवत्ता वाले शुद्ध खाद्य पदार्थ एवं दवाएं पहुंचें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब संभाग स्तर के साथ-साथ जिला स्तर पर भी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना की जाएगी, जिससे जांच व्यवस्था और अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में 8 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा (राज्यमंत्री) श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री सुमित मिश्रा तथा श्री श्रवण सिंह चावड़ा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्य एवं औषधि विक्रय और निर्माण के क्षेत्र में मिलावटखोरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस क्षेत्र में ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ कार्य करने वाले उद्योगों एवं अन्य संस्थानों आदि को सरकार की ओर से प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला प्रदेश में विशेषकर मालवांचल में खाद्य एवं औषधि जांच व्यवस्था को नई गति देगी और नागरिकों को शुद्ध खाद्य सामग्री एवं प्रमाणिक औषधि उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर की यह फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगी। इससे जांच प्रणाली को मजबूती मिलेगी और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को एक नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने नागरिकों को छठ पूजन की शुभकामनाएं भी दी।

कार्यक्रम को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर को अनेक विकास कार्यों की सौगात दे रहे है।

## अपनों के सुख समृद्धि के लिए कष्ट सहते हुए आनंद के साथ व्रत रखने वाली माता-बहनों को मेरा नमन- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छठ पूजा में सूर्य उपासना, परिवार के स्वास्थ्य और जीवन के दीर्घायु के संकल्प का प्रतीक है। त्रेता युग से भगवान श्रीराम की लम्बी आयु की कामना से यह छठ पूजा आरम्भ हुई। माताएं-बहनें अपनी आस्था एवं संस्कारों के साथ इस पर्व को मनाती हैं। हमारी मातृशक्ति अपने परिवार के कष्टों को दूर करने और सुख समृद्धि के लिए आनंद के साथ जीवन के कष्टों को सहन करते हुए यह व्रत रखती हैं। मैं इन माता-बहनों को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर के मन कामनेश्वर महादेव उद्यान में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित छठ महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जलाभिषेक कर छठ पूजन किया। इस छठ महोत्सव में एक साथ बड़ी संख्या में माताओं- बहनों ने जलकुंड में उतरकर छठ पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित सभी माता-बहनों, नागरिकों के साथ ही प्रदेशवासियों को छठ पूजन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगे कहा कि छठ पर्व सामाजिक एकता, आस्था और लोक परंपरा का अद्वितीय संगम है। छठ पूजा विशेष रूप से बिहार एवं पूर्वांचल क्षेत्र के लिए यह प्रमुख पर्व है। बिहार से मालवांचल का संबंध लगभग एक हजार साल पुराना है और हमारे रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। अब यह पर्व पूरे देश में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाने लगा है।

## इंदौर में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 का सामाजिक समरसता सम्मेलन संपन्न

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में आज इंदौर में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 का सामाजिक समरसता सम्मेलन आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में जो विकास एवं सामाजिक समरसता का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, वह वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भी निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का सामाजिक समरसता के क्षेत्र में योगदान अमूल्य है। उनके बताए मार्गों पर चलकर प्रदेश में सामाजिक एकता और समानता का नया वातावरण स्थापित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री गोलू शुक्ला, डॉ. निशांत खरे, श्री सुमित मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा तथा नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ छठ महापर्व



इंदौर। लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। इंदौर में बसे पूर्वांचल और बिहार के हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर की आराधना कर अपने परिवार, समाज, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और शांति की कामना की।

सोमवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देने के बाद, आधी रात से ही श्रद्धालु और व्रती महिलाएं घाटों की ओर बढ़ने लगीं। सुबह 4 बजे तक सभी प्रमुख घाट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए, जहां रंगीन विद्युत सजावट, दीपों की झिलमिल और छठ मैया के भजन-लोकगीतों की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने फुलझड़ियों और दीपों से घाटों को रौशन कर दिया, जिससे पूरा माहौल दिव्यता से भर उठा।

जैसे-जैसे सूर्योदय का समय नजदीक आया, व्रती महिलाएं और पुरुष जल में खड़े होकर हाथ जोड़ सूर्यदेव से अपने परिवार की कुशलता और जीवन में सुख-शांति की प्रार्थना करने लगे। सूर्योदय के साथ ही शहर के प्रमुख घाटों – विजय नगर, स्कीम नंबर 78, तुलसी नगर, समर पार्क निपानिया, वेद मंदिर, सुखलिया, श्याम नगर, ड्रीम सिटी देवास नाका, शंखेश्वर सिटी, बाणगंगा कुंड, वक्रतुण्ड नगर, कालानी नगर, सिलिकॉन सिटी, पिपलियाहाना तालाब, अन्नपूर्णा रोड तालाब और सूर्य मंदिर (कैट रोड) – पर श्रद्धालुओं ने ÷आदि देव नमस्तुभ्यं प्रसीद मम भास्कर:÷ और ÷? सूर्याय नम:÷ के मंत्रोच्चार के साथ अर्घ्य अर्पित किया।

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव के.के. झा ने बताया कि इस अवसर पर शहर के कई जनप्रतिनिधि, राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी भी श्रद्धा पूर्वक शामिल हुए और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। अर्घ्य के पश्चात श्रद्धालुओं ने ठेकुआ, केला, सेब और अन्य मौसमी फलों का प्रसाद वितरित किया। तत्पश्चात व्रतियों ने पीपल वृक्ष की पूजा कर

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया 30 करोड़ की सीवर लाइन परियोजना का भूमिपूजन, बोले हर समाज को साथ लेकर चलना ही हमारी सरकार का उद्देश्य



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सोमवार को ब्लू लोटस गार्डन में आयोजित भूमिपूजन समारोह और सामाजिक समरसता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के अंतर्गत अमृत 2.0 योजना के तहत सुदामा नगर सेक्टर-डी और ई में 30 करोड़ की लागत से 34.235 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाने के कार्य का भूमिपूजन किया। इस परियोजना से क्षेत्र के नागरिकों को ड्रेनेज चोकिंग की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और जल-मल निकासी व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर नगर निगम की यह परियोजना नागरिक सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि दिवाली का यह समय शुभ अवसर है, जब जनकल्याण के कार्यों की शुरुआत करना मंगलकारी माना जाता है। सरकार का संकल्प है कि विकास की हर योजना जनता के द्वार तक पहुंचे। डॉ.यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार सभी वर्गों और समाजों को साथ लेकर समान अवसर और विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहती है।

## सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनेंगे- श्रद्धा और भक्ति से मनाई जायेगी गीता जयंती



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाये जायेंगे। सभी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाये जायेंगे। आगामी दिनों में गीता जयंती भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जायेगी। बीते दिनों राज्य शासन ने विजया दशमी पर उत्साह के साथ शस्त्र पूजन के कार्यक्रम किये दीपोत्सव में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाए गये। इस उत्सव को गौ-संवर्धन के रूप में मनाया। राज्य शासन गौ-पालन को बढ़ावा देने के लिये हर स्तर पर कार्य कर रही है। गौ-शालाओं का बढ़ावा देने के साथ उसे संरक्षण भी दे रही है। गायों को खुराक के लिये दिये जाने वाली राशि बढ़ाकर दुगुनी कर दी है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव सोमवार को नंदा नगर स्थित गणेश परिसर में आयोजित मलूक पीठाधीश स्वामी राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज की कथा के अवसर पर अपना सम्बोधन दे रहे थे। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला, श्री सुमित मिश्रा तथा श्री श्रवण सिंह चावड़ा,डॉ.निशांत खरे, संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शासन में देश में एक ऐसी सांस्कृतिक धारा बह रही है। जिसके कारण चारों और उत्साह का वातावरण है। साधु-संतों का सम्मान हो रहा है। धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओ की संख्या बढ़ रही है। विदेश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री भारत में आते हैं, तो हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उन्हें हमारे मंदिरों का भ्रमण कराते है और उन्हें गीता और रामायण जैसे ग्रंथ भेंट करते हैं।

# भगवान् भास्कर की भक्ति में डूबा शहर, छठ लोकगीतों की मधुर धुनों के बीच अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



इंदौर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की अद्भुत छटा सोमवार शाम इंदौर में उस समय देखने को मिली जब शहर के सैकड़ों घाटों पर बिहार और पूर्वांचल के हजारों श्रद्धालु अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने एक साथ एकत्रित हुए। पूरा वातावरण उस क्षण आस्था, संगीत और भक्ति से सराबोर था – जब 'कांच ही बांस के बहँगिया', 'उगे हे सूरज देव' और स्वर्गीय लोकगायिका शारदा सिन्हा के अमर लोकगीतों की स्वर लहरियाँ घाटों पर गूंज रही थीं।

श्रद्धालुओं ने जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को नमन करते हुए परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि, शांति और आरोग्यता की कामना की। 200 से अधिक छठ घाटों पर उमड़ा जनसैलाब एक अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत कर रहा था, मानो पूरा बिहार और पूर्वांचल मालवांचल की धरती पर उतर आया हो।

प्रमुख छठ स्थलों – स्कीम नं. 54, अनुपम नगर, स्कीम नं. 78, तुलसी नगर, समर पार्क, पिपलियापाला तालाब, टिगरिया बादशाह, सूर्य मंदिर (कैट रोड), सुखलिया, देवास नाका, मेघदूत नगर, शंखेश्वर सिटी, सिलिकॉन सिटी, एरोड्रम रोड, ड्रीम सिटी, शिप्रा और वक्रतुण्ड नगर – पर छठ व्रतियों की श्रद्धा देखने योग्य थी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजीं, सिर पर बाँस की सूप और डलिया में प्रसाद लिए गीत गाती घाटों की ओर बढ़ती रहीं।

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव के.के. झा ने बताया कि जैसे ही शाम 5 बजकर 52 मिनट पर भगवान भास्कर अस्ताचल में समाने लगे, श्रद्धालुओं ने प्रसाद से भरी टोकरियाँ हाथों में उठाकर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# सिंहस्थ में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्दे नजर आस-पास के सेटेलाईट स्टेशनों का डीआरएम, सिंहस्थ मेला अधिकारी, एडीजीपी ने किया निरीक्षण

## विक्रम नगर पर होलड़िंग एरिया बनाने के लिए जगह भी चिनहित करने एवं इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर भी चर्चा की गई



उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरुप सिंहस्थ 2028 की तैयारियां जोरों से की जा रही है। इन तैयारियों को मूर्त रूप देने के लिए मंगलवार के अपराह्न में डीआरएम रतलाम श्री अश्विन कुमार, सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह, एडीजीपी श्री उमेश जोगा और प्रशासनिक अधिकारियों ने रेल्वे से संबंधित सिंहस्थ कार्यों का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे नईखेड़ी, मोहनपुरा, उज्जैन, विक्रम नगर आदि सेटेलाईट स्टेशनों पर रेल्वे विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया।

डीआरएम श्री अश्विन कुमार स्पेशल सेलून से उज्जैन आएं। उन्होंने सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह, एडीजीपी श्री जोगा सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से होलड़िंग एरिया और फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किये जाने से संबंधित तैयारियों का जायज़ा भी लिया। विक्रम नगर पर होलड़िंग एरिया बनाने के लिए जगह भी चिनहित करने एवं इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

जानकारी में बताया गया कि जयसिंहपुरा स्थित अंडरब्रिज का टेंडर जारी हो चुका है। उज्जैन स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज के संबंध में की जा रही तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही नए स्टेशनों का निरीक्षण किया। सिंहस्थ के दौरान ट्रेनों को पार्क करने के लिए नईखेड़ी, चिन्तामण गणेश, फतेहाबाद, चन्द्रावतीगंज, ताजपुर स्टेशनों पर अस्थाई लुपलाईन बिछाने से संबंधित चल रहे कार्यों के क्रियान्वयन करने की दृष्टि से अवलोकन किया। सिंहस्थ के समय रेल्वे विभाग स्पेशल ट्रेने भी चलाने जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीआईजी श्री नवनीत भसीन, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक एवं सिंहस्थ कार्यों से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आज वर्षों बाद 56 पकवानों की सुगंध से महकेगा श्री चिंतामण गणेश का आंगन

उज्जैन । जब राम 14 वर्ष का वनवास काट रहे थे तब अपनी भार्या सीता जी और भाई लक्ष्मण जी के साथ उज्जैन से 10 किमी दूर स्थित वन क्षेत्र में अपने हाथ से राम सीताजी ने चिंतामण गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की थी । भारत का सबसे अद्भुत मंदिर जहां एक साथ तीन गणपति विराजमान है । चिंतामन, इच्छमन और सिद्धविनायक जो अपने आप में सिद्ध प्रतिमा है । हजारों वर्षों से लोगों की आस्था और श्रद्धा के प्रतिक चिंतामण गणेश मंदिर पर आज प्रातः 10 बजे स्वर्णिम भारत मंच द्वारा अन्नकूट छप्पन पकवानों का भोग लगाया जाएगा । वर्षों बाद मंदिर पर अन्नकूट उत्सव की परम्परा फिर से शुरू होने जा रही है । स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्णिम भारत मंच के द्वारा संचालित निशुल्क भोजन सेवा प्रकल्प के 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज प्रातः 10 बजे श्री चिंतामन गणेश जी को अन्नकूट (छप्पन पकवान) का भोग लगाया लगाया जाएगा ।इसके बाद दर्शनार्थियों के लिए दोपहर 3 बजे तक भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर के बाहर स्थित बाहर शेड में रहेगा।

### *वर्षों बाद अन्नकूट लगेगा अन्नकूट का भोग ......*

धन धान्य सुख समृद्धि यश कीर्ति और वैभव देने वाले सबके घरों का भंडार भरने वाले प्रथम पूज्य आराध्य श्री चिंतामन गणेश जी को वर्षों बाद अन्नकूट छप्पन पकवान का भोग आज लगेगा । मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक अभिषेक शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ वर्ष से मंदिर में अन्नकूट का उत्सव होना बंद हो गया था ।

चिंतामण जी की असीम कृपा से पुनः अन्नकूट की शुरुआत हुई है । अन्नकूट लगाने का सौभाग्य स्वर्णिम भारत मंच को प्राप्त हुआ है । निशुल्क भोजन सेवा प्रकल्प के सफलतम 6 वर्ष 1 माह पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री चिंतामन गणेश मंदिर प्रबंध समिति के समन्वय एवं पुजारी परिवार के सान्निध्य तथा स्वर्णिम भारत मंच द्वारा प्रातः 10 बजे भगवान श्री चिंतामन गणेश जी को अन्नकूट ( छप्पन पकवान ) का भोग लगाया जाएगा ।

## रामघाट पुरोहित ब्रह्मलीन पं. उमेश भट्ट को श्रद्धांजलि अर्पित



उज्जैन। श्री रामघाट पण्डा, पुरोहित एवं ब्राह्मणगण द्वारा रामघाट पुरोहित पण्डा ब्रह्मलीन पं. उमेश भट्ट मोटरवाला पंडा को श्रद्धासुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 28 अक्टूबर मंगलवार को रामघाट पर आयोजित श्रद्धांजलि में रामघाट के समस्त पण्डा, तीर्थ पुरोहित एवं गुरु मंडली उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में हुआ समाजसेवको का सम्मान कथावाचक साध्वी मुरलीकाजी ने सुनाए अनेक वृतांत



उज्जैन। क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज जयसिंहपुरा के तत्वावधान में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज एवं साध्वी मुरलीका देवी ने अनेक वृतांत सुनाऐं जिसमें एक बार चारों युग में बहस हुई मेरे युग में किसी का कोई अपमान व नुकसान नहीं हुआ। कलयुग में सुमरन संकीर्तन से कल्याण मोक्ष हो जाता है। सतयुग में तपस्या करने पर भजन करने पर भी सफल नहीं हो पाता था, सतयुग को बहुत अहंकार था सतयुग व कलयुग में होड लगी एक समय एक गौ माता रो रही थी जैसे अनेक वृतांत सुनाए।

साध्वी मुरलीकाजी ने कहा कि कलयुग में किसी स्त्री के साथ आपराधिक घटना होती है तो उसे दंड अवश्य मिलता है इसलिए कलयुग अच्छा है। आपने मातृशक्ति की ताकत बताई। कथा के अंत में क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज जयसिंहपुरा मोहनलाल देतवाल, अध्यक्ष सत्यनारायण लाड़ना, उपाध्यक्ष महेश दौराया, सचिव धर्मेन्द्र बोरा, कोषाध्यक्ष बलराम सर्वा, संयुक्त सचिव वासुदेव नागौरा, सदस्यगण प्रेमचंद बोरा, नरेन्द्र देतवाल, दिपक देतवाल, राजेश देतवाल, संतोष पालड़िया, योगेश देतवाल, दिलीप देवाल, महेश धनारिया, नाथुलाल देतवालख् लोकेश मरमट मुख्य यजमान बाबूलाल घोड़ेला, उर्मिला घोड़ेला पुत्र मनोज घोड़ेला अरण्डिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बसंत कुमार दौराया ने महाआरती कर समाजसेवको का सम्मान किया।

## लौहपुरूष सरदार पटेल जयंती पर होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

उज्जैन। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा 31 अक्टूबर शुक्रवार शाम 5 बजे भारतीय ज्ञानपीठ माधवनगर उज्जैन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी के 150वें जन्मदिवस पर 'भारत रत्न पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. हरीशकुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के जिलाध्यक्ष डॉ. हरिमोहन बुधौलिया होंगे। अध्यक्षता शिक्षाविद् पूर्व प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन के डॉ. ब्रजकिशोर शर्मा तथा मुख्यवक्ता अन्तरराष्ट्रीय साहित्यकार एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा होंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि साहित्यकार अरविन्द जैन एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पिलकेन्द्र अरोरा होंगे।

# उज्जैन के साई श्रीवास्तव ने अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

## पूरे देश में बजा सरस्वती शिशु मंदिर मारुतिगंज उज्जैन का डंका




उज्जैन। अखिल भारतीय विद्या भारती द्वारा 36वां अखिल भारतीय खेल महोत्सव भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे देशभर से कुश्ती के पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर मारुतिगंज उज्जैन के साई श्रीवास्तव ने 86 किलोग्राम भार वाली कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

साई श्रीवास्तव पूर्व में विभाग, प्रांत, क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में जीत का परचम लहरा चुके है। अपनी जीत के पश्चात ही साई ने अब एस.जी.एफ.आई. (एसजीएफआई) राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो पंजाब प्रांत में आयोजित होगी। साई की इस उपलब्धि पर पूरे उज्जैन नगर, विद्यालय परिवार, विद्यालय समिति परिवार, आचार्य परिवार, भैया बहनों में काफी उत्साह का माहौल है। साई को गोल्ड जीतने पर विद्यालय समिति की ओर से अध्यक्ष दिलीप झवर, सचिव डॉ. रामतीर्थ शर्मा, विद्यालय प्राचार्य प्रतिभा पलसावदिया, प्रधानाचार्य दिलीप परमार, खेल शिक्षक कृष्णपाल सिंह सोलंकी, श्रुति शर्मा एवं विद्यालय आचार्य परिवार द्वारा ढोल धमाकों के साथ स्वागत जुलूस निकाल कर साई को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अरिहंत सोशल ग्रुप के दीपावली मिलन समारोह में हुआ ज्ञान पंचमी के महत्व पर संवाद



उज्जैन। अरिहंत सोशल ग्रुप द्वारा दीपावली मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 50 दंपत्ति सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अनेक आकर्षक पुरस्कार जीते। ग्रुप अध्यक्ष गुनवंत शाह ने इस अवसर पर ज्ञान पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷हम सबको समाज और मानवता की सेवा के लिए सदैव संकल्पित रहना चाहिए, यही सच्चे अर्थों में त्यौहार का सार है।÷ संयोजक राजेन्द्र चेलावत ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा ÷संगठन की शक्ति आपसी मेलजोल और सहयोग से ही बढ़ती है, और अरिहंत परिवार ने सदैव इस परंपरा को निभाया है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com